श्री मंगल सैन : देखिए बहिन जी मैं आप का छोटा नहीं तो बराबर का भाई जरूर हूं। मैं प्वायंट यह डिवैल्प कर रहा था कि मैम्बर उस रैस्ट–हाउस में नहीं ठहर सकते, क्योंकि पार्लियामैंट्री सैक्रेट्रीज़ की फौज बन गई है। उन्होने वहां जा कर ठहरना होगा और मन्त्री तो है ही और जिन्होने आज वोट दिए है उन्होने भी यह आशा करके दिए है कि परसों को उनकी कारों पर भी झंडियां लग जायेंगी। तो डिप्टी स्पीकर साहिबा, एम.एल.ए. उस रैस्ट–हाउस में नही ठहर सकते, इस लिए अब उन के लिए हरियाणा भवन बनाया जा रहा है। मैंने तो सोचा था कि शायद लोगों ने पैसे दिए होंगे और कोई भवन बन रहा होगा लेकिन यह

सरकारी पैसों से एम.एल.एज. के ठहरने के लिये भवन बन रहा है। मैं पूछना चाहता हूं कि एम.एल.एल को वहां रैस्ट–हाउस में ठहरने की अनुमति होगी कि नहीं ?

वित्त मन्त्री : जरूर होगी।

श्री मंगल सैन : मोरनी हिल्ज़ में भी रैस्ट–हाउस है बड़ी अच्छी बात है अगर सब को ठहरने की इजाज़त होगी तो ? डिप्टी स्पीकर साहिबा, अब मैं फैमिन रिलीफ के बारे में निवेदन करता हूं कि जहां से ट्रेजरी बैंचिंज़ वाले मैंम्बर कामयाब हो कर आए हैं वहां पर तो जहां जहां अकाल पड़ा है, लोगो को पैसे दिए गए है। लेकिन अपोज़िशन के मेम्बरीं के हल्को में किसी को कुछ नहीं दिया गया। इस में भी भेदभाव रखना कोई अच्छी बात नहीं है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, जनता सक बी सांझी है इसलिए सब के साथ एक जैसा सलूक किया जाना चाहिए। आप बहिन जी डिप्टी स्पीकरर है। लोकतन्त्र में, आप उनके ही नहीं हैं हमारे भी हैं और वैसे खास हमारे हैं क्योंकि आप इधर बैठते हैं। हम बंसी लाल जी को नहीं चाहते कि वह मुख्य मन्त्री बने रहें लेकिन जो डियू रिगार्ड है हम उनका करते हैं हम उनका करते हैं उन्होने हिदायत कर रखी है कि जो कांग्रेस के चुने हुए मेम्बर है हम उनका करते हैं उन्होंने हिदायत कर रखी है कि जो कांग्रेस के चुने हुए मेम्बर है उनके हल्कों में लोगो को पैसे देने है और अपोज़ीशन वालों को नहीं देने । लेकिन अकाल तो हर तरफ है। इसलिए इन को यह गलत रवायात नहीं डालनी चाहिए। इसके अलावा जो और

छोटी मोटी बातें है जैसे लिंक रोडज़ बन रहीं हैं या कोई माईनर बन रही है उन सब कामों में एक जैसा सलूक होना चाहिए। डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह जो 1969 का वर्ष इससे एक सौ साल पहले पूज्य गांधी जी ने अवतार लिया था और इसी इसी वजह से ये इस साल उन की जन्म शताब्दी मानाने जा रहे है। पता नहीं आप को न्योता मिला है कि नहीं ? और इस लिए ये सब समितियों को ग्रांट–इन–एड दे रहे हैं और रूपये दे रहे हैं। बड़ी अच्छी बात है बड़ा नेक ख्याल है महापुरूषो के जन्म दिवस तो मनाने ही चाहिएं ताकि उनसे प्रेरणा मिलती रहे। जीवन भर जिस काम कम`लए वे परिश्रम करते रहे और जिसके लिये वे जिये और मरे उनके अनुयायियों को उनके मुताबिक चलना चाहिए लेकिन लज्जा के मारे हमारा सिर झुक जाता है जब इन की करतूतें देखते हैं। रोहतक जाने के लिये हमें करनाल से हो कर जाना पड़ता है। बहिन ओम प्रभा जी का हल्का तो कैथल है लेकिन वह रहती देहली में है और रहे भी क्यों न, क्योंकि उनका सारा परिवार जो वहां रहता है लेकिन कैथल से करनाल के रास्ते से ही जाती होंगी। पहले वहां गोपीनाथ एण्ड सन्ज के यहां एक जगह शरब बिकती थी लेकिन इस साल इन्होने क्या कृपा की कि क्वालटी वालों को भी शराब का ठेका दे दिया है। पहले हम वहां कभी काफी का प्याला पीने चले जाते थे लेकिन अब वहां जाना हमारा बन्द हो गया। क्या बापू जी के समारो मनाने वाले ऐसे काम करके उनके अनुयायी होने का दावा कर सकते हैं ? बहिन जी तो इस बात को मानती होंगी लेकिन क्या करती, पोलिटिकल प्रैशर था।

पता नहीं किस एम.एल.ए. ने कहा हो। मगर मैं कहता हूं कि यह अन्याय है गांधी जी के साथ और उनके सिद्धान्तों के साथ। खैर शराब पीने और पिलाने की बात तो सैंशर मौशन पर ही करेंगे अब यही बस करता हूं। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि गांधी जन्म शताब्दी मनाने के लिए एक समिति बनी थी और उसके पदाधिकारी कौन कौन है उसके बारे में में मैंने गज़ट नोटीफिकेशन पढ़ तो पता लगा कि हमारे मुख्य मन्त्री जी तो उसके अध्यक्ष है और केंन्द्र में हमारे जो संचार मन्त्री है उनकी श्रीमती जी जो बड़ी सज्जन हैं विदूषी है, वह उसकी सचिव हैं। मैंने उनके दर्शन किया एम.एल.ए. होस्टल में, जब मेरी इलैक्शन पैटीशन चल रही थी। वहां उन्होने एक बड़ा विराट सम्मेलन किया, दरियां बिछिं, शमियाने लगे, लाउड स्पीकर लगे और एक बड़ा बोर्ड लगा हरियाण गांधी जन्मी–शताब्दी शिविर का। इतना बड़ा लाउलशकर देख कर हमने समझा कि पता नहीं कितना बड़ा सम्मेलने होने वाला है और पता नहीं कितने आदमी आने वाले। ? होस्टल में भी हमें कहा गया कि डाक्टर साहब जगह तो थोड़ी है क्योंकि यहां बड़ी भीड़ इक्ट्ठी होने वाली है। हमने भी सोचा कि चलो हमें किसी ने निमंत्रण तो नहीं दिया परन्तु बाहर बैठ कर ही राम धुन और प्रवचन सुन लेंगे। आप विश्वास माने उस विराट पंडाल में नकद 35 आदमी थे। मेरा सिर शर्म के मारे झुक गया कि जिस बापू जी को आज संसार पूजता है जिसके जीवन से प्रेरणा लेते हैं और जिसके नाम पर इन को गद्दियां मिली हुई हैं उसक जन्म शतब्दी समरोह में कुल 35 आदमी हों ? अगर मुख्य

मंत्री ने टूर करना हो तो पांच हजार आदमी इकट्ठे हो जायेंगे अपने काम कराने के लिये। एक बात मैं इन से और पूछना चाहता हूं कि क्या गांधी जी आप के ही हैं या और किसी के भी हो सकते है ?क्या आप ही गांधी जी के मात्र कस्टोडियन हैं और उन पर आप की ही मनौप्ली है ? अगर वह राष्ट्रपिता है तो उस राष्ट्र में वह लोग भी आते है जो कांग्रेस के चिार नहीं रखते । इन्दिरा जी और श्री अर्जुन अरोड़ा भी

वित्त मन्त्री : पंडित श्री राम शर्मा भी उस में हैं ?

श्री मंगल सैन : पंडित श्री राम शर्मा तो पुराने कांग्रेसी ठहरे। आज बदल गये वह आप के कामों को देखकर, क्योंकि इस में अब वह लोग आ गयो जो कांग्रेस के खिलाफ गवाहियां देते थे यह देख कर वह कांग्रेस छोड़ गये में कहना चाहता हूं कि आज जो पोलिटिकल पार्टीज काम करती हैं वह गांधी जी में इन से कम श्रद्धा नहीं रखती और अगर हम कहीं बीच में आ जाते तो क्या हम किसी को अगवा करके ले जाते। क्या बिगड़ जाता गांधी जी का हमारे बीच में आने से ? डिप्टी स्पीकर साहिबा, हमें गुप्ता जी की तरफ से उपदेश मिलते है कि हरियाणा पिछड़ा हुआ है नया नया मुख्य मंत्री बना है और अभी अभी उसका घर बनना शुरू हुआ है। मैं कहता हूं कि विकास के कामों में आपका साथ कैसे दें जब आप नान–कन्ट्रोवर्शियल इशूज में भी हमें साथ नहीं लेते। कोई अच्छी रवायतें बनाओ। ठीक है हम से आप के राजनीतिक मद–भेद हैं और भी कोई शिकायत होगी लेकिन जहां तक अच्छी

बातें है उन्हे हम जरूर कहना चाहते है। हम यह नहीं कहते कि उस समिति में जा कर हमारी कोई शोहरत बढ़ जायेगी लेकिन यह अच्छा होता यदि उस समिति में राव साहिब जो हमारे लीडर आफ दी अपोज़िशन है वे होते, चांद राम जी होते जो गरीबों के हमदर्द है तथा और भी पोलिटिकल पार्टी के लोग होते और सब मिल कर उस महा पुरूष का नाम लेते, परन्तु किसी को एसोशिएट नहीं किया गया। आज किस मुंह से कहते हो कि गांधी शताब्दी के लिये रूपया मंजूर कर दो। मैं कहता हूं कि यह सारा रूपया वेस्ट जायेगा। फिर देंखे कितनी शर्म की बात है कि जिलों में कमेटियों के चेयरमैन डी.सीज़ होंगे। मैं कहना चाहता हूं कि यह हरियाणा के अवाम की बेइज्ज़ती है कि सरकारी कर्मचारी तो इस काम के लिये योग्य हैं लेकिन जनता के नुमाइंदे इस काम के योग्य नहीं है। हमें न रखते, कोई काग्रेसी तो हो सकता था लेकिन मेरी समझ में नही आता कि डी.सी. क्यों हो। इसका मतलब है कि इनका जनता पर विश्वास नहीं और जनता के कार्यकर्ताओं पर विश्वास नहीं आप यह बात सम लें कि अगर सरकार आपके हाथों में न हो तो लोग आपके पास न आयें, डी. आई.जी., सी.आई.डी. केइन्सपैक्टर और एस.एच.ओ. झूठे मुकदमें बनाने वाले न हों। फिर क्या यह टिक सकेंगे ? सवाल ही पैदा नहीं होता। मैं वित्त मंत्री महोदया से कहना चाहता हूं कि उनको विचार करना चाहिये और इन छोटी छोटी बातों से ऊपर उठना चाहिये। इनका ही भला होता अगर हम इन के मंडप में जाकर गांधी जी की प्रशंसा कर आते और यह इनके ही एक हक की बात

थी। नहीं रखा तो हमें जरूरी नहीं कि जरूर जाना चाहिए वहां। मैंने यह आइटम यहां आकर ही देखा । तो लंगर लंगोटे कसे थे नो–कान्फीडेंस मोशन के लिये

वित्त मन्त्री : उसमें तो आप रह गये, फेल हो गये।

श्री मंगल सैन : कोई बात नहीं आज नहीं तो कल सही। अब मैं और छोटी मोटी बातें छोड़ता हुआ अपनी बात समाप्त करता हूं और यह कहता हूं कि यह पैसा इनको नहीं देना चाहिए।

मेजर अमीर सिंह चौधरी (बाढड़ा) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, पिछले साल भी मुझे सप्लीमेंटरी एस्टीमेटस पर बोलने का मौका मिला था और मैंने उस पर कुछ टीका–टिप्पणी की थी और जैन साहिबा ने जवाब देते वक्त मेरी दलील को यह कह कर रद्द कर दिया कि यह डिवैल्पिंग स्टेट है इसलिये इस के अन्दर ऐसा चार्चा लाना ही पड़ता है। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि कुछ हद होनी चाहिये। मैं जानता हूं कि हमारे फायनेन्स वाले इस को अपेज़ भी करते होंगे लेकिन ढंग ऐसा बना हूंआ है कि वह कुछ कर नहीं पाते। महसूस तो वह (ट्रेजरी बैंचिज वाले) भी करते हैं जो मैं करता हूं, लेकिन वे कुछ बोल नहीं सकते। आज यह नहर बनाने जा रहे हैं। मुझे खुशी है कि ऐसे इलाकों में नहर ऐक्सटैंड की जा रही है जिसमें किसी को एतराज नहीं हो सकता, लेकिन मैं यह जानना चाहता हूं कि उन नहरों को जो चौधरी छोटू राम

के ज़माने में बीनी थीं आज ही उन को ऐक्सटैंड करने की क्यों जरूरत पड़ी, पहले क्यों नहीं पड़ी ? मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं कि आज भी आप को समझ आ गई यह एक्सटैंशन बहुत जरूरी थी क्योंकि इसमें लोगों की भलाई की बात है। इसमें और पैसे की कमी होती तो हम और ज्यादा देने के लिये तैयार होते। सप्लीमेंटरी बजट लाने की बजाये सालाना बजट जिस वक्त पास होता है उस मैं सोचा जा सकता था। यह कोई वहजह हनी है कि बाद में ख्याल आया है इलसिये सम्लीमेंटरी डिमांड के रूप में ले आये हैं। पता नहीं मिनिस्टरी खत्म होने का ख्याल आ गया जि के डर से ये डिमांड पोश की है। सप्लीमेंटरी डिमांड्ज़ में वही खर्चा आना चाहिए जिसको आप सलाना बजट में फोर–सी न कर सकें, लेकिन यह तो पहले से ही मालूम होता है कि फलां फलां जगह सड़कें कम है इसलिये बनाई जाएं। जिस खर्च को हम फोर–सी नहीं कर सकते उन में डिगरियां होती हैं, कीहं फ्लड आ गया, कीं फैमिन पड़ गया, चे चीजें आती है लेकिन सड़के नहीं आती।

मुख्य मन्त्री : मेजर साहब, झोझू की सड़क कैसे बनी ?

मेजर अमीर सिंह चौधरी : यह तो मैं एतराज नहीं करता कि सड़क न बतायें, मैं तो आप को कुछ सुझाव दूंगा कि इन चीजों को बजट बनाने से पहले देख लेना चाहिये और प्लान में रख लेने के बाद प्रोग्राम के मुताबिक चलना चाहिये।

मैडम डिप्टी स्पकीर साहिबा, इसमें एक आईटम है डिक्रिटल अमाउटं की। ये कुछ ऐसे केसिज़ होते हैं जिनकी पूरे तौर पर छानबीन नहीं होती, गवर्नमैंट की तरफ से केस की पैरवी ही नहीं की जाती। छानबीन करके देखा जाये कि जो केस ठीक तरह से प्लीड नहीं किया गया उसके लिये जिम्मेदार आफिसर या आफिशियल्ज़ को पकड़ा जाये ताकि डिक्रिटल अमाउंट की तादाद घट सके। कई चीजें यानी कई केस ऐसे है जो कि ज्वायंट पंजाब के टाईम के हैं और अब यहां आ रहे हैं। एक शूगर फैक्ट्री के कर्मचारी है वे भी इसके अन्दर आ गये।

इस जनरल अबज़र्वेशन के बाद डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं अब कहत के मुताल्लिक अर्ज़ करूंगा। बहिन जी ने कहत के लिये रूपया मांगा है, मुझे बड़ी खुशी है कि वे कहतज़दा इलाके के लिये कुछ न कुछ करने जा रहे हैं। जो कुछ इस के बारे में किया जा चुका है उसके लिये मैं ज्यादा कड़े शब्द नहीं कहूंगा लेकिन इतना जरूर कहना चाहूंगा कि जितना रूपया कहत के लिये मिलता है वह ठीक तरह से इस्तेमाल नहीं होता । आप मुझे बताये कि हरएक ज़िे जितना रूपया आपने लोगों को रिलीफ के लिये दिया है, वह फी आदमी कितना खर्च किया है ?

मैं यह भी जानना चाहूंगा कि जानवरों की सहायता के लिये फी जानवर कितना चारा दिया है। अगर आप इस की डिटेल में जायेंगी तो मेरा ख्याल है कि एक क्विंटल फी जानवर के लिये भी चारा नहीं आयेगा। जहां इस किस्म की चीज़े हो, वहां सड़को

को बनाने से कोई फायदा नहीं है, वहां तो जानवरो की जिन्दगी बचाने का सवाल है। सड़को के लिये तो एक दो साल तक इन्तजार किया जा सकता है लेकिन जो कैटल वैल्थ है उसका खास तौर पर ध्यान रखना चाहिये। यह देख कर बड़ा ताज्जुब होता है कि जिन सड़को के बनाने का ज़िक्र ये करते है उनका हमें पता ही नहीं कि कहां बनाई जा रही हैं। उन सड़कों को बनाने से पहले किसी से कोई सलाह मशवरा नहीं किया जाता। आप हिसाब लगा कर देखें कि किस किस एरियाज़ में फैमिन इफैक्टिड आदमी है और उन आदमियों के लिये कितनी कितनी वड़के दी गई हैं ? सड़के कहीं नहीं बनी है लेकिन कहते है कि सड़के दे दी गई हैं। यह ठीक है कि हम अपना वक्त निकाल लेंगे लेकिन यह वक्त हमें भूलेगा नहीं और न ही वोटे देने वालों को भूलेगा। अगर आप चाहते है कि इस तरह से आप मोहेन्द्रगढ़, झज्जर और भिवानी पर हम अपना कबजा कर लेंगे और जनता कांग्रेस को वोट दे, देगी, तो यह ना–मुमकिन है। लोग इस तरह से वोट नहीं देंगे, एक आध अगर होगी भी, वह भी छिन जायेगी। जब तक आप पूरा ध्यान नहीं देंगे सूबे की भलाई नहीं होगी। उपाध्यक्ष माहेदया, जो सड़के बन रहे हैं उनके बनाने के लिये सड़को का फैमिन रिलीफ डिवीज़न बना दिया गया है मैं पूछता हूं किस चीज़ के लिये यह डिवीज़न बनया है ? मैं तो कुछ समझ नहीं पाया, मेरा ख्याल है कि कुछ अफसरों को एक्स. ई. एन. की तरक्की और कुछ को एस.डी.ओज॰ का रोजगार दिलाने के लिये ही यह डिवीज़न बनाया गया है। आप इस को एग्ज़ामिन करें। एक

एस्स॰ई॰एन॰ हिसार में बैठा है और सड़के बना रहा है दादरी में। क्यों नहीं दादरी के एक्स॰ई॰एन॰ को यह एडीशनल काम दे दिया जाता जैसे कि डिप्टी कमिश्नर कहत का एडीशनल काम करते है। असल में यह रूपय ठीक से खर्च नहीं होता, दूसरे ही लोग खते है। गरीबों तक यह रूपये पहुंच ही नहीं पाता जो फैमिन रिलीफ के अन्दर प्रोवाईड किया हुआ है। अगर आप एग्जामिन करें तो आप को लोमड़ी से उसकी पूंछ भारी मिलेगी। महेन्द्रगढ़ ज़िलें की ज़िला परिषद् का रोड रोलर किराया पर लिया था परन्तु पता नही कहां किस ज़िले में चला गया, कम से कम महेन्द्रगढ़ ज़िले का रोड रोलर तो महेन्द्रगढ़ में ही रहना चाहिए।

उपाध्यक्ष महोदया, आपकी मारफत मैं चोधरी रण सिंह का ध्यान इस तरफ दिलाना चाहूंगा क्योंकि वे खुद हमारी तरह से कुचले हुए पिछड़े वर्ग से सम्बन्ध रखते है। मैडम डिप्टी स्पीकर साहिबा, आपने अखबारों में सरदार बलवन्त सिंह, फूड मिनिस्टर, पंजाब का बयान पढ़ होगा। उन्होंने कहा है कि उन के वहां तूड़ी बहुत पड़ी है, एक रूपये या डेढ़ रूपये किवंटल बिकती है परन्तु कोई उठाने वाला नहीं है। मुझे इस बात की समझ नहीं आती कि क्यों उसे खरीद नहीं लिया जाता ? हमारे यहां तो तूड़ी 20 रूपये, 25 रूपये क्विटल तक नहीं मिलती। पिछले दिनों 25 रूपये किंव्टल तक तूड़ी बिकी है। अगर हमारे यहां कमी है तो पड़ोसी राज्य से मंगवा ली जाये क्योंकि वहां तो एक रूपया या डेड़ रूपया क्विंटल बिक रही है, लेकिन इस बात का किसी ने इनीशिएटिव नही

लिया। आप देखें कि ऊंटो के लिये कोई फैडर नहीं हैं मैंने किसी एक बड़े अफसर से पूछा कि ऊटों के लिये आपने क्या प्रबन्ध किया है ? उसने पूछा कि क्या ऊंट तूड़ी नहीं खाते ? अफसोस है, बड़े अफसरों की इतनी काबलियत तो होनी ही चाहिये कि उसे पता नहीं होता कि ऊंट क्या खाता है ? हमारे यहां महेन्द्रगढ़ मे कुछ अर्सा दो बंगाली अफसर लगे थे जिन्होंने बड़ा अच्छा काम किया था, though they took some time to acclimatise theselves and know the people of the area लेकिन अक्सर ऐसे ही लोग आते हैं जिन्हे कुछ पता ही नहीं होता । इसलिये मैं रिक्वैस्ट करूंगा कि कम से कम मुसीबत के समय आप इस किस्म के अफसर लगायें जो आम बातों को जानते हो कि ऊट क्या खाता है, बैल क्या खाता है, भैस क्या खाती है ? अगर उन्हे बेसिक चीजों का पता नहीं होगा तो काम कैसे चलेगा ?

उपाध्यक्ष महोदया, डिमांड॰ नं॰ 32 के अन्दर ट्रांसपोर्ट के लिये रूपया मांगा गया है। ट्रांसपोर्ट वाले मुझ से कहने लगे कि तुम हमारे ऊपर ही निगाह रखते हो। मैंने कहा कि हरियाणा के पास रिसोर्सिज़ बहुत कम हैं, मुझे ट्रांसपोर्ट से कोई दुश्मनी नहीं है। मैं तो सिर्फ यही चाहता हूं कि अगर हम ट्रांसपोर्ट के महकमें को अच्छी तरह से हारनैस करेंगे तो यह आमदनी देगा।

उपाध्यक्षा : आप कितना वक्त और लेंगे ?

मेजर अमीर सिंह चौधरी : आप फरमायें, आप कितना वक्त दे सकती हैं ? मुझे तो जब हुक्म देंगी मैं बैठ जाऊंगा। मैंने तो हुक्म की तामील करनी है।

उपाध्यक्षा : पांच मिनट

मेजर अमीर सिंह चौधरी : उपाध्यक्ष महोदया ट्रांसपोर्ट के मुताल्लिक मैं बार बार अर्ज़ कर रहा हूं कि इसकी को–आर्डिनेशन होनी चाहिये। इसके मुताल्लिक कोई प्लान्ड प्रोग्राम होना चाहिये। आगे आगे करनाल की गाड़ी चलती है, पीछे पीछे नारनौल वाली गाड़ी चल रही होती है । दस एक मैं बैठे होते हैं, पन्द्रह दूसरी में। करनाल से सम्बन्धित जनरल मैनेजर चाहता है कि मेरे डिपो की आमदनी ज्यादा हो, चंडीगढ़ वाला चाहता है हमारी आमदनी हो। दोनों का मुकाबला चलता है। मेरी समझा में नहीं आता कि इस किस्म की बात क्यों हो ? दोनों गाड़ियां सवर्नमेंट की हैं। एक गाड़ी से काम चल सकता है तो दो क्यों चलाते हैं ? और लीजिये चंडीगढ़ से नारनौल जितना सम्बा रास्ता है उतना और कोई रास्ता हरियाणा राज्य में नहीं है। दस–बारह घंटे लगते हैं। मैरिट्स के ऊपर होना चाहिये शाटैस्ट रूट बरास्ता गोहाना लेकिन हमें ये ले जाते है सांपले बांपले वग़ेरा से, सारे हरियाणा का दर्शन कराते हुए और इसी कारण से लोगों ने इस बस का नाम हरियाणा दर्पण बस रखा हुआ हैइस तरफ तनी दफा नवज्जुह दिला चुका हूं। कोई सुनता नहीं एक दफा गलत रास्तों से अगर चालू हो गई तो क्या यह

बदली नहीं सकती ? और लीजिये अंग्रेजों के समय में दादरी से दिल्ली को डेढ़ बय चला करती थी, वहीं आज चल रही है झझर से दिल्ली को बहुत सी बसें चलती हैं। मैं पूछता हूं कि इन में से ई किसी का रूट बढ़क्यों नहीं लेते ? प्राइवेट ओपरेटर्ज़ को यह रूट क्यों दे रखा है ? आपकी बसें तो चलती हैं घाटे वाले रूट्स के ऊपर और प्राइवेट वालों की बढ़िया रास्तों के ऊपर चलती है। ज्यादा नहीं तो कम से कम 50 फीसदी अच्छे रास्ते तो ले लो। हम शोर मचाते हैं तो कुछ इनिशिएटिव ले लेते हैं मगर आगे जाकर पैसे वाला सवाल हो जाता है और मामला फिस हो जाता है। हमें बताया जाता है कि दिल्ली की सरकार नहीं मानती मैं कहता हूं कि दिल्ली वाले जरूर मानेंगे। दिल्ली को उनका हिस्सा और माइलेज दिया जाए तो क्यों नहीं मानेंगे ? अगर न माने तो दिल्ली को जो झज्जर से चार बसें चलती है उनको एक्सटैंड कर लो दादरी तक । (विघ्न) उनको एक्सटैंड क्यों नही कर सकते वह तो आपकी पावर में हैं। जब तक, डिप्टी स्पीकर साहिबा, घपलाबाजी नहीं हटायेंगे ट्रांसपोर्ट के महकमें से डीटैच्ड व्यू लेकर तब तक इसका भला नहीं होने वाला है। चीफ मिनिस्टर साहब ने एक बार यह कहा था कि ट्रांसपोर्ट के महकमे को स्ट्रीमलाइन कर रहे हैं। मगर हमें आज तक नहीं चला कि क्या कर गये या करने वाले हैं। यह आमदनी का ज़रिया है। इस आमदनी को टैप कीजिये और टैप करने के बाद ज्यादा भी खर्चा करते चले तो कोई बात नहीं। अगर आमदनी नहीं होगी तो कितनी देर तक काम चलेगा ? मैडम, डिप्टी स्पीकर एक और चीज़ की ओर लवज्जुह दिला कर बैठ

जाऊंगा। मैं हुक्म का ताबेदार रहूंगा। आपके साथ मेरे लम्बे तालूकात है। मैं आपको ज़रा–सी भी तकलीफ नहीं देना चाहता।

पिछली दफा मुझे ब्यास प्रोजैक्ट पर जाने का मौका मिला और मुझे खुशी हुई जब उन इंजीनियर्ज़ ने, जो पंजाब को अलौट कर रखें है, मुझे बताया कि आपके हरियाणा के इंजीनियर्ज़ ने बहुत बढ़िया काम किया है। चौधरी रणबीर सिंह भी मेरे साथ थे। इरीगेशन और पावर के लोगों के साथ मेरा लम्बा सम्बन्ध है। मुझे अपने इंजीनियर्ज़ के काम की सराहना सुन कर बड़ी खुशी हुई थी। चौधरी रणबीर सिंह जी को भी बड़ी खुशी हुई थी क्योंकि इस मामले में वे भी मेरे जैसे ही खयल रखते हैं। हमने देखा कि काफी काम इस प्रोजैक्ट पर इन्होंने किया है लेकिन दूसरी तरफ हमें बड़ा दुःख हुआ जब उन्होंने बताया कि हमारे असिस्टैण्ट और एग्जैक्टिव इंजीनियर्ज़ को थोड़ी तनख्वाह मिलती है और पजाब वालो को ज्यादा।

वित्त मन्त्री : बराबर है जी।

मेजर अमीर सिंह चौधरी : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं फाइनेंस मिनिस्टर साहिबा से पूछना चाहता हूं कि क्यों नही उनको उनका वाजिब पैसा दिया जाता जब कि ये इतना रूपय हमारे से बयास प्रोजैक्ट के लिये लेने जा रही है और पीछे भी हम से काफी रूपया लिया है। बड़ी खुशी के साथ आप रूपया लो मगर जो रूपया वहां जाना है उसमें से हमारे जो कर्मचारी है उनको भी

तो उसका जांज़ हिस्सा मिलना चाहिए। वह क्या बात हुई कि हम तो पैसे बराबर के दें मगर हमारे इंजिीनियर्ज़ को कम पैसे मिलें और पंजाब वालों को ज्यादा मिलें ?मैंने फाईनेंस वालों से पूछा था कि जो रूपया हम देते है उसका वाजिब शेयरहोल्डर वे हमारे कर्मचारियों को क्यों नहीं बनाते ? क्या कारण है कि हमारे ग्रेड वहां थोड़े हैं ? उन्होनें बताया कि वहां ग्रेड इसलिये थोड़े हैं कि यदि हमने उनके ग्रेड बढ़ा दिये तो यहां पर जो इंजीनियर्ज़ है वे ज्यादा सक्रेल मांगने लग जांयेगे। मुझे यह वजनदार रीजनिंग मालूम नहीं पड़ी। इसलिये इस की तरफ मैं सरकार की तवज्जुह दिलाना चाहता हूं। वे कर्मचारी बढ़िया काम कर रहे है। वे काम करने में पंजाब वालों से आगे है। इस में एक कौड़ी की फाईनेशल इमप्लीकेशन नहीं। इसलिये मैं नहीं समझता कि हमारे इंजीनियर्ज़ को, जितनी देर तक वे वहां हैं, क्यों न पंजाब के इंजीनियर्ज़ के बराबर पैसे मिलें ? (विघ्न) कहते है कि वहां से जब वे वापिस आएंगे तो वही ग्रेड मांगेंगे। मैं कहता हूं कि वे चारे नहीं, डाकू नहीं कि ऐसे ही पैसा ले लेंगे। जब हम गजट में नोटिफिकेशन ही यह करेंगे कि जितनी देर वे वहां ब्यास प्रोजैक्ट पर रहेंगे उन्हे वही पे–सकेल मिलेंगे जो पंजाब वालों को मिलते हैं तो फिर ज्यादा कम मांगने का सवाल कहां पैदा होगा ? ब्यास प्रोजैक्ट के ऊपर तो उपाध्यक्ष महोदया, कोई जाना नहीं चाहता। अगर आज औप्शन दे दी जाए, यह कहकर कि ब्यास प्रोजैक्ट पर जो जाना चाहे उसे सौ रूपया ज्यादा मिलेगा तो मैं कहता हूं कि लोग चंडीगढ़ में कमती पैसे लेकर रहना कबूल कर लेंगे मगर

ब्यास प्रोजैक्ट पर कोई नहीं जाना चाहेगा। वहां तो इस तरह का काम है जिस तरह हम एकटिव सर्विस के ऊपर जाया करते थे या आजकल फौजी लोग जाते है। अगर फौजियों से पूछा जाए तो सब अम्बाला रहना चाहेंगे और नेफा और लद्दाचा में कोई जाना चाहेगा मगर इस तरह से काम नहीं चलता । डयूटी के ऊपर जाना पड़ता है, मगर गवर्नमेंट को भी इन बातों को ध्यान में रखना चाहिये। मिल्टरी में एकटिव सर्विस के ऊपर गवर्नमेंट की तरफ से बहुत से प्रिवलेजिज़ मिलते है। जैसे फ्री राशन मिलता है, बढ़िया कपड़े मिलते है और बहुत सी दूसरी सहूलियतें मिलती है। प्रोजैक्ट के ऊपर जो काम हो रहा है यह भी एक एकटिव सर्विस जैसा है। इसलिये मै। चाहता हूं कि गवर्नमेंट आज ही यह डिसीजन अनाउंस कर दे कि हम अपने इंजीनियर्ज को पंजाब वालों के बराबर देने को तैयार है।

वित्त मन्त्री : मेजर साहिब, एग्जैकटिव इंजीनियर्ज़ और एस॰डी॰ओज॰ को पंजाब के बराबर वेतन मिलता है।

मेजर अमीर सिंह चौधरी : मुझे खुशी है अगर यह मिलता है। अगर आपकी तरफ से यह एशोरेंस है तो मैं स्वीकार करता हूं, मगर मुझे तो फाइनेंस वालों ने यह बताया था।

वित्त मन्त्री : जो हमने बाद में नोटिफिकेशन निकाली थी उसमें किया है।

मेजर अमीर सिंह चौधरी : अगर आप मेरी बातों से कायल हो गए हैं और जवज्जुह दे लेंगे तब तो ठीक लकिन अगर नहीं तो फिर आप मुझे बुला लें, मै उनकी वकालत करूंगा। चौधरी रणबीर सिंह जी भी, मैं समझता हूं, वकालत करने के लिये तैयार होंगे। हम दानों असैट्स कमेटी के मैम्बर हैं। हम वकालत करने के लिये तैयार है।

उपाध्यक्ष महोदया, मैं आपका धन्यवाद करता हूं। रह तो गई मेरी और बातें भी लेकिन कोसने वाली बातें करने का काम मेरे दूसरे साथियों ने काफी निभा दिया हैं मैं उस के मुताल्लिक कुछ अर्ज़ नहीं करूंगा। मेरे बंसी लाल जी से इस किस्म के सम्बन्ध है कि अगर मैं कुछ कहूं तो मेरे ऊपर खुद छींटे पड़ेंगे। उन सारी बातों को ध्यान में रखते हुए मै। कुछ नहीं कहता। कल मेरे मोहतरिमसाथी खान साहब कह रहे थे कि वे मेरे खिलाफ प्रिविलेज मोशन लायेंगे। वह भी मुझे खतरा है कि कहीं वे मोशन ले ही न आएं। इन शब्दों के साथ मैं अपनी फाइनेंस मिनिस्टर साहिबा की तवज्जुह दिलाऊंगा कि जो कुछ मैंने कहा है उस में यदि आप को वजन मालूम होता हो तो उसके जरूर स्वीकार किजिये, और यदि बेकार नज़र आता हो तो छोड़ दीजिये।

वित्त मन्त्री : नहीं आपकी बातें बड़ी रचनात्क हैं।

मेजर अमीर सिंह चौधरी : लेकिन इन पर तवज्जुह जरूर दीजिये। इन शब्दों के साथ, उपाध्यक्ष महोदया, मैं आप का धन्यवाद करता हूं।

Deputy Speaker : I call upon Chaudhri Ranbir Singh to speak. Since guillotine is to be applied at 6.00 P.M. he may speak for 15 minutes.

चौधरी रणबीर सिंह (किलोई) : उपाध्यक्ष महोदया, डिमाण्डज़ तम्बरज़ 11 और 19 के अन्दर जिन रकमों का ज़िक्र किया गया है वे रकमें हम डिग्री के तौर पर दे रहे है। यह रकमें हम 1 नवम्बर, 1966 से पहले का जो अर्सा है, उसके लिये दे रहे हैं। उपाध्यक्ष माहेदया, री–आर्गेनाइजेशन एक्ट के तहत यह जिम्मेदारी पंजाब सरकार की है। अगर केस से यह साबित हो जाये कि इसमें कुछ हिस्सा हरियाणा का भी बनता है तो वे हरियाणा से ले सकते है। लेकिन पहले पंजाब सरकार की जिम्मेदारी है मेरी समझ में नहीं आया कि हमारे खज़ाने से उन को यह रकमें कैसे दे दी गयी ? अगर 1 नवम्बर, 1966 के बाद को कोई अर्सा है और इस अर्सो की कोई डिग्री की रकम या अमाउन्ट है, वह भी उन कर्मचारियों का एलोकेट हुए हैं, तो हमारी जिम्मेदारी जरूर हैं 31 अक्तूबर, 1966 के पहले जो पैसा देना है वह पंजाब सरकार की जिम्मेदारी है। जो पंजाब और हरियाणा सरकार के इकट्ठे हिस्सा खाते में अमाउन्ट आये, उस को आबादी के लिहाज से बांट लिया जायें। इस हिसाब से हमारे हिस्से में बहुत कम पैसा आयेगा कई भाई यह कह सकते है कि इस तरह

का अमाउन्ट उधर ज्यादा हो सकता है। लेकिन यह भी तो हो सकता है कि कई एक केसिज़ में डिक्रिटल अमाउन्ट ही नह हों। फिर इस डिक्रिटल अमाउन्ट का हम ही घटा क्यों बरदाशत करें ? अगर उस वक्त कसूर था या कोई कमी थी तो वह संझे पंजाब सरकार की थी । इस तरह के केसिज़ में सांझे पंजाब की सरकार घाटे और नफे की जिम्मेदार थी। इसलिये पहले पंजाब के ऊपर यह जिम्मेदारी हैं और बाद में जितना हिस्सा हमारा हो, हम से ले और जो हिमाचल प्रदेश को हो, वह उनको देना चाहिये।

उपाध्यक्ष महोदया, इसी प्रकार से डिमाण्ड नंबर 19 में केन सुपरवाइज़र या केन वार्डन का जिक्र है । उनको भी इस तरह से पैसा दिया गया, जो कि हमारी सरकार को नहीं देना चाहिये था।

अब मैं डिमान्ड नंबर 38 के विषयमें क्र करना चाहता हूं। डिमांड नंबर 38 के अन्दर एक लाख सत्तर हज़ार रूपया हमने विदेशी गाड़ियों को खरीदने के लिये दिया है। उन गाड़ियों के विषय में ज़िक्र किया गया है कि वे गाड़ियों टूरिस्ट डिपार्टमट के लिए चाहिए। यह मेरी समझ में नहीं आया कि इतने छोटे प्रदेश के लिये विदेशी गाड़ियों की क्या आवश्यकता है ? जो हिन्दुस्तान में गाड़ियां बनती हैं वे भी हम टूरिस्ट को दे सकते है इसके अलावा प्रश्न यह है कि आया वे गाड़ियां टूरिस्टों के लिये ही चाहिएं या हिन्ही और भाइयों के लिये चाहिएं? अगर वे औरें के लिये है तो वे टूरिस्ट डिपार्टमट के खाते में नहीं जानी चाहिएं। हम को यह

बात सही सही बतानी चाहिए। अगर वे गाड़ियों टूरिस्टों को ही देनी हैं तो हमारे देश में बनी हुई गाड़ियां भी अनाके दी जा सकती है। इसलिये इन बातों के बारे में जानकारी चाहता हूं

इसके अलावा अपाध्यक्ष होमदया, डिमांड नंबर 46 के अन्दर जो जिक्र किया गया है उसके अन्दर मैंने देखा है कि पहले जिस जिले में से, लेक–कार्य विभाग के मन्त्री थे उस जिले को ज़िक्र हैं जहां के आज है उनका भी है, मुख्य मंत्री के ज़िलें का भी है और महेन्द्रगढ़ जिले का भी ज़िक्र है परन्तु हमारे रोहतक ज़िले का कोई जिक्र नहीं हैं। पता नहीं एस्टीमेट कमेटी के चेयरमेन का लिहाज किया गया है। मैं तो पब्लिक अकाउंटस कमेटी को पगड़ी उछालने वाली कमेटी कहा करता हूं । उसका न चेयरमैन न रोहतक का है और न ही उन के अम्बाले ज़िले का उसमें कोई जिक्र ही किया गया है। उपाध्यक्ष महोदया, मैं जानता हूं अपने हल्के से और दूसरे पड़ोसी हल्को से कि जो सड़के मन्जूर थी, जिनकी एडमिनिस्ट्रेटिव अप्रवूल हल्के से और दूसरे दी जा चुकी थी, पैसा उनके लिये रखा जा चुका था लेकिन उनके काम को रोक दिया गया यह कौन सा काम करने का तरीका है ? इसके अलावा दो ढ़ाई लाख रूपया मेरे हल्के के अन्दर सड़के बनाने के लिये लोगों की तरफ से सरकार के खजाने में, अर्थात् पी॰डबल्यू॰डी॰ डिपार्टमट के खाते में जमा करा दिया गया हुआ है लेकिन वहां फिर भी कोई काम नहीं हो रहा है। इसी तरह से शूगर–कैन सैस फंड के पैसे से रोहतक शुगर फैक्टरी के लिये

सड़क मंजूर हूई थी। उस पर अभी तक कोई काम चालू नहीं कियचा गया । एक दफा तो यह सुना गया कि टैंडर मांगे गयो है, फिर जब पता किया तो पता चला कि वह सड़क नामन्जूर है। अब फिर पता लगा है कि वह मन्जूर हो गयी है। वह सड़क इसलिये मन्जूर की गयी थी कि जो मिल में गन्ने आता है वह उस का किराया फैक्टरी को माइलेज के हिसाब से दना पड़ता है। लेकिन अब उस सड़क को ऐसे ढंग से मन्जूर कर दिया गया है जिससे सड़क की माइलेज़ हर गांव के लिये बढ़ेगी और फैक्टरी पर किराया अधिक पड़ेगा। अगर थोड़ा–बहुत खर्च में फर्क पड़ता है तो जो पहले से मन्जूर थी उसको ही बनाना चाहिये। लेकिन थोड़ा–बहुत ुर्क भी हो तो भी ठीक है। हमारी कोआपरेटिव शुगर मिल है, जिसमें अभी तक हरियाणा सरकार का भ्झी हिस्सा है, लोगो का भी हिस्सा है। उसके लिये हमें इस ढंग से माइलेज बनानी चाहिये जिससे भविष्य में मिल को कम से कम खर्चा उठाना पड़े। ऐसे रास्ते की सड़क हमको बनानी चाहिये।

इसके अलावा जैस कि मैंने अभी कहा था कि दो लाख रूपया मन्जूर करा दिया गया था लेकिन उसके बारे में अभी तक न कोई सड़क की मन्जूरी दी गयी है और और न ही कोई काम चालू किया गया। परन्तु केई जगहों पर बगैर मन्जूरी के ही सड़के चालू हो जाी है। ठीक हिसाब से कोई नियम मान कर ही फैज़ड प्रोगाम होना चाहिए ताकि पब्लिक को फायदा हो।

क्रेश प्रोग्राम का बड़ा प्रचार है लेकिन मेरी समझ में नहीं आता कि उस पर कितना अमल किया गया अगर सरकार अपने हिस्से का सारा रूपया मार्किटिंग फैडरेशनों को और पंचायत समितियों को सड़क बनाने के लिये दे दें और वे सड़के बना दें तो इस से कम खर्च पर सड़क बनती है। यह जरूर है कि उनकी सड़के इतनी मज़बूत हनी होती जितनी पी॰डब्लयू॰डी॰ द्वारा बनायी हुई होती है। लेकिन उन सड़कों पर इतना ज्यादा ट्रैफिक भी नहीं होता। इसलिये ज़िला परिषदों और ब्लाक समितियों को सड़के बनाने देनी चाहिये और सरकार सहायता दे और अगर क्रैश प्रोग्राम के माने यही है कि सरकार अपने पास से कोई पैसा न दे औरों के पैसे लेकर स्वयं काम महंगा करे तो कोई बड़ाई की बात नहीं। जब मेरे पास यह मत्रालय था, इकट्ठे पंजाब में, तो एक करोड़ रूपया इकट्ठा किया गया और चार करोड़ रूपये की स्कीमें मंजूर की गयीं। अब पंजाब में जिस समय गिल साहब की मिनिस्टरी आयी तो उन्होंने उस स्कीम पर बहुत कार्यवाही की। लेकिन मुझे अफसोस है कि हरयिाणा सरकार ने जो योजना मंजूर की थी, जिन सड़को के लिये पैसा लोगो ने अपने हिस्से का दि दिया था, उन सड़को पर भी काम शुरू नहीं किया गया। जो काम बाकी रह गया था उसकों चालू नहीं किया गया। लेकिन जहां पर लोगों ने अपना हिस्सा भी नहीं जमा कराया था वहां पर काम चालू हो गया है। अगर कहत के इलाके बात की जाए तब तो बात समझ में आ सकती है। लेकिन यह जो मंग है इसके अन्दर अम्बाला जिला और रोहतक ज़िला कैसे रह गया ? अपाध्यक्ष

महोदया इसी तरह से डिमांड नं॰ 27 सिचाई की डिमांड है इसके अन्दर कई माईनरो का जिक्र आता है उपाध्यक्ष महोदया, मैं यहां एक बात बतलाना चाहता हूं कि मैंने एक पत्रा सिचाई विभाग के मंत्री महोदय को, औार एक पत्र वित्त मंत्री महोदया को लिखा था मेरे हल्के में काहनौर डिस्ट्रीब्यूटरी के लिये लेागो ने अपना पैसा जमा करा दिया था लेकिन उसके ऊपर काम चालू नहीं हुआ। यह हवाला मैंने दोनेा पत्रों में दिया और दानों मन्त्रियों ने आश्वासन लिाया लेकिन फिर भी पता नहीं कि वह आश्वासन कहां चले गयो और किस हवा में रह गयो ? वह कागज़ के ऊपर नहीं उतर। अब यह एक कंटिन्जैंसी फंड बढ़ाने चले हैं। यह ठीक है कि नहीं लेकिन जहां पर काम गलती से रह जाता है या खर्चे का अन्दाजा कम दिखाया जाता है पहले उसको ठीक करना चाहिये और योजना को ठीक तरह से कार्य रूप में परिणित करना चाहिये।

मेजर अमीर सिंह चौधरी ने ब्यास प्राजैक्ट के बारे में कहा। डिप्टी स्पीकर साहिबा, इसके दो हिस्से हैं एक नाम है यूनिट नं॰ 1 और दूसरी का नाम है यूनिट नम्बर 2 । 16 मील पहाड़ के अन्दर से एक चैनल गुज़रेगी। उसमें ब्यास नदी से सतलुज के अन्दर पानी डाला जाएगा। इस पर जो खर्च होगा उस खर्च के लिये हमें तैयार रहना चाहिये। लेकिन इसमें डरने की कोई बात नहीं है क्योंकि उस में नकदी कुछ लेनी देनी नहीं है हिन्दुस्तान की केन्द्रीय सरकार का फैसला है कि वे 100 फीसदी कर्जा बहुमुखी योजना के लिये देंगे लेकिन खर्च उस प्रदेश

सरकार के नाम लिख दिया जाएगा और पैसा हिन्दुस्तान की केन्द्रीय सरकार ही देती है। वह तो सिर्फ कर्ज़ का लेखा भर ही होता है। जो यूनिट नम्बर दो है उससे राजस्थान को भी पानी मिलेगा और आज भी जो पानी राजस्थान को दिया जाता है यह भी ब्यास नदी से ही दिया जाता है। मेरे कहने का तात्पर्य यह है कि पानी के ऊपर जितना खर्चा आए वह सारे का सारा खर्चा पंजाब और राजस्थान सरकारों को कबूल कर लेना चाहिये। और यूनिट नंबर एक के हिस्से का खर्च जो कुछ भी आता है, उसकी सारी जिम्मेदारी उठाने के लिये हरियाणा सरकार को त्यार रहना चाहिये। इसी तरह बिजली का जहां तक जाल्लुक है ब्यास प्राजैक्ट की स्कीम में राजस्थान, पंजाब और हरियाणा का एक मिल जुला समझौता है, जिसमें से 14ण्7 के करीब परसेंटेज राजस्थान के हिस्से में खर्चे की आती है, और इसी हिसाब से 84ण्78 परसेंटेज हरियाणा के हिस्से आती है उसके लिये इस सरकार को तैयार रहना चाहिये .. (घंटी) .. भाखड़े के बारे में भी मुझे यही निवेदन करना है कि जो खर्चा इस सरकार के जिम्मे है उसकी ज़िम्मेदारी लेनी चाहिये। मैंने मुख्य मंत्री को इन बातो ंसे सम्बन्धित एक पत्र भेज था मगर उसका जवाब नहीं मलिा। पंडित नेहरू के बारे में मुझे पता है कि वह बहुत व्यस्त और बहुत बड़े इंसान थे, लेकिन पत्र का जवाब तीसरे दिन आ जाता था। आपको भी जवाब देना चाहिये।

महन्त गंगा सागर (झज्जर) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, डिमांड नंबर 3 में जो डी॰एस॰पी॰ ट्रैफिक को कार देने का ज़िक्र आया है यह मैं समझता हूं कि सरकार के ज़रिये रूपये का मिसचूज है। जब गाड़ी है और काम दे रही है तो फिर नई कार की क्या ज़रूरत है इसी तरह से डिमांड नंबर 14 के अन्दर डियूल्ड कास्ट ाऐरा क्म्यूनिटि सैंटर के लिये जो 55 हजार रूपये की राम मांगी गई है, उसके बारे में भी मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि इन रकमों को सरकार क्यें पोलिटिकल परपज़ के लिये इस्तेमाल करती है और जिन लोगो को असली रूप में ज़रूरत होती है उन को पैसा नहीं दिया जाता इसलिये गवर्नमंट को एश्योरेंस देनी चाहिये कि इस रूपये का सही इस्तेमाल होगा।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, अब मैं डिमांड नं॰ 18, जिस में 15 लाख रूपया रखा गया है और ज्यादातर भिवानी तहसील के लिये वाटर सप्लाई पर खर्च करना है, पर बोलना चाहता हूं। यह बहुत अच्छी बात है कि जहां पानी न हो लोगो के लिये वहां पीने का पानी का इन्तज़ाम करना चाहिए। हमारी बहिने दो–दो मील से कड़कती धूप में सिर पर पानी डठा कर लाती है मैं अर्ज़ करना चाहूंगा कि भिवानी तहसील ही सारे हरियाणा में ऐसी तहसील नहीं है जाहां पीने का पानी की कमी हो इसके इलावा भी बहुत सी ऐसी जगह है जहां पर पीने के ानी की दिक्कत है और शायद भिवानी से भी ज्यादा दिक्कत कई और स्थानों पर हो। हमारी तहसील झज्जर निहायत बैकवर्ड है। आप ने तो तारीखें पढ़ी है

डिप्टी स्पीकर साहिबा, स्पीकर साहिब भी अपने चैम्बर में बैठे सुन रहे होंगे, इसलिये आप को पता होगा कि सन् 1857 में जिस वक्त अंग्रेज के खिलाफ गद्दर हुआ तो नवाब झज्जर ने सब से बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया था और बदकिस्मती से वह गद्दर दब गया और अंग्रेज सौ साल तक यहां राज करते रहे। तो डनहोंने सज़ के तौर पर यह कहा कि न हवां कोई रेलवे लाईन बनेगी न कोई सड़क बनेगी। तो उस अंग्रेज की सताई हुई यह झज्जर तहसील है और फिर बदकिस्मती से वहां से मैम्बर भी अपोज़ीशन के ही इलैक्ट हो कर आते रहे हैं। अब इस तहसील से चार मैम्बर है जिन मे से एक ब्रिगेडियर साहब भी हैं। मैं चाहूंगा कि इन की सदारत में अगर एक कमेंटी बना दी जाये और अगर वहां के हालात को देखेंगी तो लाजमी तौर पर साबत हो जायेगा कि झज्जर भिवानी से किसी भी हालत में कम बैकवर्ड साबत नही होगी। लेकिन चूकि भिवानी के चीफ मिनिस्टर साहब है इसलिये हमारे बैकवर्ड इलाके के हकूक को काट कर भिवानी में लगाया जा रहा है। झज्जर तहसील के कम से कम ऐस दा ढाई सौ गांव हैं जहा कि चार पाचं मील से पीने का पानी लाना पड़ता है। हमं अफसोस से कहना पड़ता है कि यह और कुछ नहीं तो बे इन्साफी ज़रूर है कि 15 लाख रूपये की रकम मे से ये दो चार लाख रूप्या भी वहां पर लोगो को पीने का पानी मुहैया करने के लिये नहीं खर्च कर सके। मै डिप्टी स्पीकर साहिबा, गवर्नमेंट की तरफ से अश्योरेंस चाहता हूं कि झज्जर की तहसी के लोागे के लिये

पानी का प्रबन्ध करने के लिये रूपय खर्च करेंगे। बस में इतना कह कर आप का शुक्रिया अदा करता हूं।

वित मन्त्री (श्रीमती ओमप्रभा जैन) : माननीय डिपटी स्पीकर साहिबा, यह सप्लीमेंट्री एस्टीमेट्स जिन के ऊपर आज बहस हो रही है एक करोड़ 63 लाख रूपये के है। इनके साथ जो इन्ट्रोडक्ट्री रिमार्कस लगाए हुए है, उन को पढने से पता लगेगा कि हमार सरकार पर जो इस वक्त बोझा पड़ रहा है, वह लगभग एक करोड़ नौ लाख रूपये का है बाकी कुछ पैा तो ट्रांसपोर्ट में 21 लाख 23 हजार के करीब 1966–67 में खर्च किया जा चुका था उस को पिलेस करना था। इसी प्रकार 25 लाख रूपया हम कंटिनलैंसी फंड को बढ़ाने के लिये और मांग रहे हैं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, जिस तेज़ी से प्रदेश में तरक्की के काम हो रहे हैं और लोगो में जज़बा पैदा हुआ है उस से ज़रूरी हो गया था कि हम लोागों की खाहिशात को ध्यान में रखते हुए खर्च करे। कई बार ऐसे खर्चे भी हमारी निगाह में आए जिन को हम बावजूद कोशिश करने के भी बजट बनाते वक्त ध्यान में नहीं रख सकते थे। इसलिये कंटिनजैंसे फंड को बढ़ाना वाजिब समझा गया। इससे हमारे कैश–बैलंस में कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। इसके अलावा 15 लाख रूपया वाटर सप्लाई स्कीमों पर ज़रूरी खर्च करना चाहते है। इसमें से आधा रूपया गवर्नमैंट आफ ंडिया से ग्रांट–इन–एड की शक्ल में मिल जायेगा। डिप्टी स्पीकर साहिबा, एक करोड़ नो लाख का बोझा सरकार पर पड़ रहा है। मुझे यह बात कहते हुए

खुशी होती है कि जो रूपया सरकार खर्च करना चाहित है उसमें किसी प्रकार की वेस्टेज नहीं निकाली जा सकती इसमें से 43 लाख रूपया फमिन स्ट्रक इलाकों पर खर्च किया जायेगा, 15लाख रूपया वाटर सप्लाई के लिये था, साढ़े सात लाख रूपया ओल्ड ऐज पैन्शन के लिये है और 31 लाख रूपया ऐसा है जिसकी कि हमें पेमैंट करनी पड़ी है। डिपटी स्पीकर साहिबा, आप देखेंगे कि अधिकतर खर्चा 97 लाख रूपया कंस्ट्रक्टिव कामो पर और जनता की भलाई के लिये खर्च किया जा रहा है। मेजर साहिब ने कहा था कि सरकार को बजट बनाते वक्त इन सब चीज़ो को ध्यान में रखना चाहिये और सप्लीमै।ट्री के ज़रिए कम से कम मांग करनी चाहिये। मैं उन से कहना चाहूगी कि चाहे जितना अच्छा बजट हा फिर भी हैल्दी डैमोक्रेसी में उस चीज़ को रोका नहीं जा सकता कि किस वक्त खर्चा पड़ जाए। मैं अपनी सरकार की हम्मत समझती हूं कि बावजूद इस बात के हमारे रिसोर्सिज़ इतने सीमित हैं और हमारे स्टेट के अन्दर कहत भी पड़ा, और बाढ़ भी आई है, हम ने लोगों को खुशहाल बनाया है और डिवैलपमैंट के काम किया है। मैं हाऊस को बताना चाहती हूं कि इस वर्ष 1968–69 में जब अकाल पड़ तो हमने इस बात ाक `हमसूस किया और हमने पिछले पांच–छः महीनों में एक करोड़ से ज्यादा रूपया फैमिन रिलीफ के लिये खर्च किया और इस साल जो काम करने का तरीका था वह भी अलहदा था। पिछले सालों की तरह हम ने उनको डोल्ज़ नहीं बांटे। करनाल के ज़िले में बड़ी भारी बाढ आई मगर हम ने लोगों को इस बात को मोहताज नहीं बनाया कि वह

सरकार से चन्द च्पये लेकर खाएं। इस की बजाए हम ने ऐसा प्रबन्ध किया कि लोगों को रोजगार मिल सके। इस बार भी ऐसा ही किया जा रहा है। हम ने खुद भी उन इलाको ंका दौरा किया। यह मैं नही कहती कि हम लोगों की सारी तकलीफें दूर कर पाए हैं लेकिन मुझे यह देख कर खुशी हुई कि फैमिन रिलीफ का खासा अच्छा काम हुआ है। हमारी समस्याएं बहुत बड़ी थी लेकिन साधन लिमिटिड थे। लेकिन हम ने लोगों को राज़गार दिया और मार्च, 1969 तक दस हज़ार से अधिक आदमी सरकार से लोकल रिलीफ वर्कस के तहत पैसे लेते थे। 30 अप्रैल, 1969 को साढ़े चार हज़ार आदमियों को एम्पलाएमंट में लगाया। 31 मई तक 14 हज़ार आदमी काम पर लगे थे और 30 जून को 16 हजार से अधिक आदमी इन कामों पर लगे हुए थे। इसके अलावा लाखों रूपये की सड़के मंजूर की गई है और 18/20 हजार लोगों को काम मिला है। आप अंदाजा लगा सकते है कि हम ने अपने रिलीफ वर्क्स के लिये कितना रूपया दिया है और इन कामों को नया मोड़ दिया ताकि कंस्ट्रक्टिव काम हो। आज सड़के बनीं, कहीं एप्रोच रोड्ज़ बन गई, स्कूलों की बिल्डिग्ज़ बन गई और काम भी हुआ और लोगो को काम भी मिला और रोज़गार पर लगे। आडर सबसिडाइज्ड रेट पर दिया गया और जहां से भी मांग आई उसे पूरा करने की कोशिश की गई। मैं बताना चाहती हूं कि जितने रिलीफ वकर्स शुरू किये हुए है उनको बीच में नहीं डोड़ेगे। हम चाहते है कि जिन इलाकों में ये काम शुरू किये हए है वे पूरे हो सकें और वे अधूरे न रहें।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, यहां पर कुछ डिक्रीटल अमाउंटस का ज़िक्र किया गया कि यह नहीं होना चाहिये था। आप जानते हैं कि इस चीज़ की कितनी भी कोशिश की जाए यह रोकी नहीं जा सकती। इतने मुलाजिम काम करते है और लोग मुकदमें भी करते है रिट्स भी करते हैं, यहीं सरकार जीत जाती है और कीहं मुलाज़िम जीत जाते है। कोशिश की जाती है कि केस ठीक ढंग से डिफैंड किया जाए लेकिन यह कोर्ट्स की बात है कुछ मैम्बर साहिबान ने कहा कि रीआर्गेनाइज़ेशन से पहले के जो केस हैं वे पंजाब के हैं इसलिये उस वक्त की पेमेंट पंजाब सरकार को करनी चाहिये। लेकिन मैं आपकों बताना चाहती हूं कि इस बारे में डिसीजन यह है कि जो एम्पलाई सि स्टेट को अलाट हुआ हुआ है इसके अगर कोई पास्ट एरियर्ज रहते है तो उनका भुतान वही स्टेट करेगी जिसको यह अलाट किया गया है।

इसके अलावा यहां पर इंजीनियरों की तन्खाहो के बारे में भी कहा गया है कि पंजाब से कम है। मैं बताना चाहती हूं कि हम ने पहली फरवरी, 1969 से सारे ग्रेड रिवाइज कर दिये है। जहां ऐस.उी.ओज. और ऐक्स.इ.ऐनज. का ताल्लुक है उनके ग्रेड उनके ग्रेड उनके बराबर है और सारी सरविसिज़ को अगर ध्यान में रखा लाये तो हमारे ग्रेड पंजाब के मुकाबले में बेहतर है। पिछले दिनों यह बात ज़रूर थी कि जो ग्रेड हम ने नोटीफाई किया थे उनमें कुछ फर्क था लेकिन फाइनली जो नोटीफाई हुए उस में बराबर ग्रेड दिया है और किसी प्रकार का फर्क नहीं है।

फिर डिप्टी स्पीकर साहिबा, इमेर्टिड गाड़ियों के बारे में भी कुछ कहा गया है। इसके बारे में गवर्नमेंट आफ ंडिया ने रिकमैंडेशन भेजी थी कि ऐस.उी.सी से गाड़ियां खरीद सकते हैं और वह कमर्शियल पर्पज़ के लिये है और उन से स्टेट को आमदनी ही होने वाली है। फिर गवर्नमेंट का इरादा है कि मोरनी हिल्ज़ को डिवैलप किया जाए क्योंकि हरियाणा में कोई हिल स्टेशन हनी है। ॅरिस्ट को अधिक उन्साह देने के लिये और उन्साह पैदा करने के लिये चाहिये कि कोई हिल स्टेशन बनाया जाये लेकिन इसके लिये पैसा भी चाहिए। अभी हम इस के बारे में इन्वैस्टीगेशन ही कर रहे है कि हार्टीकल्चर के जरिये क्या हो सकता है। बिजली, सड़कों बगैरा की योजनायें बना रहे हैं। यह बड़ा बोल्ड स्टैप है आर यह स्टेशन अच्छा टूरिस्ट सैंटर बनाया जा सकता है जिससे स्टेट को आमदनी होगी और नाम होगा। इन शब्दो के साथ मैं प्रार्थना करती हूं कि इन डिमाड्ज़ को पास किया जाए। (थम्पिग)

Deputy Speaker : Now I will put the demands one by one, to the vote of the House.

Deputy Speaker Question is -

That a supplementary sum not exceeding Rs. 22,000 be granted to the Governor to defray the charges that will

come in the courses of payment for the year ending 31st March, 1970, in respect of 11-Taxes on Vehicles.

The motion was carried.

Deputy Speaker Question is -

That a supplementary sum not exceeding Rs. 55,060 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the courses of payment for the year ending 31st March, 1970, in respect of 26-Miscellaneous Departments.

The motion was carried.

Deputy Speaker Question is -

That a supplementary sum not exceeding Rs. 15,19,330 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the courses of payment for the year ending 31st March, 1970, in respect of 30-Public Health.

The motion was carried.

Deputy Speaker Question is -

That a supplementary sum not exceeding Rs. 2,00,000 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the courses of payment for the year ending 31st March, 1970, in respect of 31-Agriculture.

The motion was carried.

Deputy Speaker Question is -

That a supplementary sum not exceeding Rs. 66,360 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the courses of payment for the year ending 31st March, 1970, in respect of 39-Miscellaneous, Social Developmental Organisations.

The motion was carried.

Deputy Speaker Question is -

That a supplementary sum not exceeding Rs. 3,57,,400 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the courses of payment for the year ending 31st March, 1970, in respect of 43 and 44-Irrigation, Navigation, Embankment and Drainage Works (Commercial and Non-Commercial).

The motion was carried.

Deputy Speaker Question is -

That a supplementary sum not exceeding Rs. 10 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the courses of payment for the year ending 31st March, 1970, in respect of 50-Public Works.

The motion was carried.

Deputy Speaker Question is -

That a supplementary sum not exceeding Rs. 25,80,780 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the courses of payment for the year ending

31st March, 1970, in respect of 57-Road and Water Transport Schemes.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 43,00,000 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the courses of payment for the year ending 31st March, 1970, in respect of 64-Famine Relief.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 7,50,000 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the courses of payment for the year ending 31st March, 1970, in respect of 65-Pension and other Retirement Benefits.

The motions were carried.

Deputy Speaker Question is -

That a supplementary sum not exceeding Rs. 1,00,000 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the courses of payment for the year ending 31st March, 1970, in respect of 70-Forest.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 7,05,000 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the courses of payment for the year ending 31st March, 1970, in respect of 71-Miscellaneous.

The motions were carried.

Deputy Speaker Question is -

That a supplementary sum not exceeding Rs. 31,12,000 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the courses of payment for the year ending 31st March, 1970, in respect of 98-Capital Outlay on Multipurpose River Schemes.

The motion was carried.

Deputy Speaker Question is -

That a supplementary sum not exceeding Rs. 10 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the courses of payment for the year ending 31st March, 1970, in respect of 103-Capital Outlay on Public Works.

The motion was carried.

Deputy Speaker Question is -

That a supplementary sum not exceeding Rs. 64,010 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the courses of payment for the year ending 31st March, 1970, in respect of Loans and Advances by the State Government.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 25,00,000 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the courses of payment for the year ending 31st March, 1970, in respect of 125-Appropriation to the Contingency Fund.

The motions were carried.

Deputy Speaker : The House stands adjourned till 9.30 A.M. tomorrow (Thursday) the 14th August, 1969.

6.15 P.M.

(The Sabha then adjourned till 9.30 a.m. on Thursday, the 14th August, 1969)